E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.-9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 010/कार्य-08 / 159 दिनांक – 18/05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–ऑनलाइन समाचार पत्र हिन्दुस्तान दिनांक 16.04.2026 द्वारा प्रकाशित खबर "मिला करोड़ो का बजट पर शुद्ध जल के लिए तरस रहे ग्रामीण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ऑनलाइन दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित खबर "मदरापाली व बेलवा में जल जीवन मिशन की मिला करोड़ी का बजट पर शुद्ध जल के लिए तरस रहे ग्रामीण के अन्तर्गत पेयजल उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में खबर प्रकाशित है।

उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड–रामपुर कारखाना में मदरापाली व बेलवा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मे0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0 इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रा0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। मदरापाली पेयजल योजनान्तर्गत 150 कि0ली0/14 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, 5.92 कि0मी0 पाइप लाइन, 441 गृह संयोजन, 16.00 किलोवाट सोलर सिस्टम, 12.5 एच0पी0 पम्प एवं बेलवा पेयजल योजनान्तर्गत 75 कि0ली0/12 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, 2.23 कि0मी0 पाइप लाइन, 259 गृह संयोजन, 12.50 किलोवाट सोलर सिस्टम, 10.00 एच0पी0 पम्प तत्सम्बन्धित कार्य कराना प्रस्तावित था। वर्तमान तक योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय फुल स्टेजिंग तक कार्य पूर्ण हो चुका है। स्लैब का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मदरापाली योजनान्तर्गत नलकूप, सोलर सिस्टम, 6.10 कि0मी0 पाइप लाइन एवं 420 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण एवं बेलवा योजनान्तर्गत नलकूप, सोलर सिस्टम, 2.20 कि0मी0 पाइप लाइन एवं 211 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुए योजनान्तर्गत सीधे नलकूप से पेयजल आपूर्ति संचालित की जा रही है। माह अगस्त, 2026 तक योजना के समस्त कार्य पूर्ण कराते हुए हर घर नल से जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करा दिया जायेगा।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0 इंजीनियरिंग सर्विसेज प्रा0 लि0 को इस निर्देश के साथ कि योजना के समस्त कार्यों का पूर्ण कराते हुए योजना संचालित करायें।

अधिशासी अभियन्ता